# शिक्षकों के लिए अव्यवहारिक है ई अटैंडैंस

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 21 दिसम्बर।** राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर शुक्रवार को जिले के शिक्षकों ने अपनी विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन अपर कलेक्टर उमेशचंद्र शुक्ला को सौंपा। इस अवसर पर राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष स्नेह सिंह रघुवंशी एवं राजेन्द्र पिपलौदा ने बताया कि राज्य शिक्षा सेवा में अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति 1 जुलाई 2018 से की गई है, किंतु आज दिनांक तक अध्यापक संवर्ग से नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ न मिलने के कारण शिक्षक अनेक वैधानिक लाभों से वंचित हो रहे हैं। अतः अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति




दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के शासकीय विद्यालयों के शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे हैं, जिसका परिणाम यह है कि प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी लगातार स्थान प्राप्त कर रहे हैं। इसके बावजूद अव्यवहारिक ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू की गई है,

## विरोध में सौंपा ज्ञापन

जो ग्रामीण एवं तकनीकी समस्याओं के कारण शिक्षकों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। अतः इस व्यवस्था को समाप्त किया जाए तथा ई-अटेंडेंस के आधार पर किसी भी शिक्षक का वेतन रोका या काटा न जाए।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि मध्यप्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता प्रदान किया जाए। साथ ही सहायक शिक्षक एवं उच्च श्रेणी शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाए। इसके साथ ही शिवपुरी जिले के समस्त विभाग प्रमुखों द्वारा परामर्शदात्री बैठकें आयोजित न किए जाने पर भी चिंता व्यक्त की गई तथा आदिम जाति कल्याण विभाग में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को शीघ्र क्रमोन्नति का लाभ देने की मांग की गई। इस अवसर पर स्नेह सिंह रघुवंशी, कौशल गौतम, राजेन्द्र पिपलौदा, गोविन्द अवस्थी, राहिला आसिफ, नीता श्रीवास्तव, सुनील वर्मा, वत्सराज राठौर, मनमोहन जाटव, अरविंद सरेया, राजेश पाठक, विपिन पचौरी, परखेज़ खान, उमेश करारे, प्रीति शुक्ला, शरद निगम, गुणसागर शर्मा, यादवेंद्र चौधरी, सुरेन्द्र लोधी, बृजेन्द्र भार्गव 'कुल्लू', नगेन्द्र रघुवंशी, सुनील उपाध्याय, राजेश धाकड़, महावीर मुदगल, कपिल पचौरी, दीपक मांझी, अनिल पाराशर, राजीव बाथम सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे।

## झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाले दो हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर।** झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाला आरोपी अपने घर गांधी नगर स्थित घर पर आया हुआ है। थाना इंदरगंज पुलिस को मुखबिर से ऐसी सूचना प्राप्त हुई सूचना के आधार पर आरोपी की तलाश में पुलिस टीम आरोपी के घर पहुंची तो वह घर पर मिल गया, नाम व पता पूछने पर उसने अपना नाम विकाश उर्फ विक्की कुशवाह पुत्र रामसेवक कुशवाह उम्र 22 साल निवासी पप्पू पंडित का मकान, मैरिज गार्डन गांधी नगर ग्वालियर होना बताया। पकड़े गये इनामी आरोपी से उक्त अपराध के संबंध में पूछताछ की तो अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी की गिरफ्तार पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 2 हजार का इनाम घोषित किया गया था। गौरतलब है कि सूरज धाकड़ निवासी कांटे साहब का बाग शब्दप्रताप आश्रम थाना बहोडापुर ने थाना इन्दरगंज में रिपोर्ट कराई थी कि 27 फरवरी की शाम को वह अपने घर से मेडीकल के लिये पैदल-पैदल अपना मोटोरोला कंपनी का मोबाइल हाथ में लिये हुए जा रहा था।

# किसान भाईयों को फसलों को पाले से बचाने दिया सामयिक कृषि परामर्श

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 21 दिसम्बर।** कृषि विज्ञान केंद्र शिवपुरी द्वारा किसान भाईयों को फसलों को पाले से बचाने के लिए सामयिक कृषि परामर्श दिया गया है। इन आवश्यक सुझावों के इस्तेमाल से किसान भाई अपनी फसलों को पाले से बचा सकते है।

किसान भाई फसलों को पाले से बचाएं के लिए रात के समय धुआं करना भी कारगर तरीका है, खेत की मेड़ों पर पुआल, सूखी पत्तियां, फसल के अवशेष जलाकर आग न लगाएं, बल्कि हल्का धुआं करें। यह धुआं ठंडी हवा को सीधे फसल तक पहुंचने से रोकता है और तापमान संतुलित बनाए रखता है। फलों के छोटे पौधे, नकदी सब्जी वाली फसलों को टाट, पॉलिथीन, पालारोधी नेट से ढक दें। वायुरोधी टाटिया को हवा आने वाली दिशा की तरफ से बांधकर क्यारियों के किनारों पर लगाएं तथा दिन में पुनः हटा दें। पाला पड़ने की संभावना के पहले ही खेत में सिंचाई करनी चाहिए।घुलनशील गंधक (सल्फर) 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी के मान से स्प्रे भी कर सकते हैं।

# अर्जुन इकलोदिया को बदरवास ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 21 दिसम्बर।** कांग्रेस संगठन में वर्षों से निष्ठा, संघर्ष और समर्पण के साथ कार्य कर रहे जमीनी कार्यकर्ता अर्जुन इकलोदिया को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन के बाद प्रदेश कांग्रेस द्वारा जारी आदेश में उन्हें बदरवास ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अर्जुन इकलोदिया को क्षेत्र में एक ऐसे नेता के रूप में जाना जाता है, जिनकी आमजन और कार्यकर्ताओं में मजबूत पकड़ है। पार्टी की नीतियों और विचारधारा के प्रति उनकी अटूट निष्ठा तथा



## जमीनी कार्यकर्ता को मिली कमान, संगठन को नई ऊर्जा देने का संकल्प

संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका को देखते हुए नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है। श्री इकलोदिया का शुभचिंतकों, पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बधाईयां दी जा रही हैं, साथ ही फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

नियुक्ति आदेश में उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, श्रीमती सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप सभी नवनियुक्त पदाधिकारी कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांतों एवं संगठनात्मक अनुशासन के तहत कार्य करते हुए संगठन को ब्लॉक स्तर पर सशक्त बनाएंगे।

## मोतीझील पर बेच रहा था शराब, अवैध शराब विक्रेताओं पर शिकंजा, दो पकड़े

**ग्वालियर, 21 दिसंबर।** पुलिस ने अवैध शराब विक्रेताओं पर शिकंजा ढीला नहीं किया है और लगातार कार्रवाई कर रही है। एसएसपी धर्मवीर सिंह के सख्त निर्देश हैं कि जिले में कहीं भी शराब, सट्टा और जुआ जैसी सामाजिक बुराई पैर नहीं पसारनी चाहिए। अवैध शराब विक्रेताओं पर पुरानी छावनी पुलिस ने कार्रवाई की और मुखबिर से सूचना मिलने के बाद दो जगहों पर छापा मार कर शराब पकड़ी। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनसे 40 क्वार्टर जब्त किए गए। पुरानी छावनी टीआई डॉ. संतोष यादव ने बताया कि मुखबिर ने दोपहर में सूचना दी कि मोतीझील स्थित वाटर ट्रीटमेंट के पास एक युवक अवैध शराब बेचने का काम कर रहा है। सूचना मिलते ही तुरंत एक टीम मौके पर भेजी गई। पुलिस ने मोतीझील वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास से सुनील कुशवाह पुत्र हरविलास कुशवाह निवासी गिरवाई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गिरवाई क्षेत्र से झोले में अवैध शराब के क्वार्टर लेकर मोतीझील बेचने आया था। आरोपी के पास से देशी शराब के 19 क्वार्टर जब्त किए।

# हर एक वो व्यक्ति जो ओम् को मानता वह सनातन धर्म का है : मनु जैन




नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 21 दिसम्बर।** शहर के गोरखनाथ मंदिर पर रविवार को सकल हिन्दू समाज द्वारा विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें सर्वप्रथम कार्यक्रम के पूर्व आयोजन समिति सिद्धेश्वर बस्ती द्वारा हनुमान चालीसा के पाठ किए गए।

मम दीक्षा हिंदू रक्षा,मम मंत्र समानता सभी हिन्दू भारत मां की संतान हैं कोई भी पतित नहीं,हमारा मंत्र हिंदू रक्षा और समानता है इस ध्येय वाक्य के साथ सिद्धेश्वर बस्ती में विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में शिरोमणि संत श्री 1008 नवीन गिरी खड़ेश्वरी महाराज,108 पवन दास गोरखनाथ मंदिर, महंत राकेश उपाध्याय,महंत गोपाल भट्ट, महंत नन्ना जी अतिथि के रूप में एवं मुख्य वक्ता संघ के विभाग प्रचारक मनु जैन मंचासीन रहें। हिन्दू शब्द की परिभाषा आजतक कोई नहीं दे पाया इसलिए संघ भारत को हिन्दू और हिंदुत्व की परिभाषा को समझाने के लिए कार्य कर रहा है,आज देश के विरोधियों में संघ का भय और राष्ट्र भक्तों संघ पर विश्वास है। ये बात मुख्य वक्ता ने मंच से कही। मुख्य वक्ता मनु जैन ने कहा कि देश में कोई भी आपदा या विपदा आती है तो संघ सबसे पहले खड़ा होता है और समुचे विश्व को भी ज्ञात हैं कि अगर भारत पर कोई आंच आती है तो सबसे पहले भारत का एक मजबूत संगठन आगे आता है और वह संघ हैं। हिन्दू सम्मेलन बड़े बड़े स्थानों पर भी आयोजित किए जा सकते थे पर हमें हर समाज,हर कोने और हर ह्रदय तक जाना है। सामाजिक समरसता की अलख जगाना हीं हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन से सामाजिक समरसता,सामाजिक सद्भाव और समरस समाज का निर्माण होगा। हर एक वो व्यक्ति जो ओम् को मानता वह सनातन धर्म का है और हिन्दू हैं। हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम में मातृ शक्ति से रजनी मिश्रा ने अपने ओजस्वी सम्बोधन से उपस्थित सकल हिन्दू समाज को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी संत और महंतों ने भी हिन्दू समाज के प्रभावों विस्तृत प्रकाश डाला और सकल हिन्दू समाज को एकजुट और मजबूत करने हेतु सम्बोधन दिया। कार्यक्रम के अंत में भारत मां की सामूहिक रूप से आरती की गई और भारत मां की जय उद्घोष के साथ कार्यक्रम सफल सम्पन्न हुआ।

# अवैध शिकार के मामले में बड़ी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 21 दिसम्बर।** वनमण्डल शिवपुरी के अंतर्गत वन परिक्षेत्र कोलारस की बीट सनवारा क्षेत्र में अवैध शिकार के विरुद्ध वन विभाग ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही दिनांक 20 दिसंबर 2025 की शाम लगभग 5.30 बजे मुखबिर की सूचना पर

## जंगली सुअर के मांस सहित दो आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

की गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुधांशु यादव, वनमण्डलाधिकारी शिवपुरी के निर्देशन में तथा आदित्य शाडिल्य, उपवनमण्डलाधिकारी करैरा के मार्गदर्शन में गोपाल सिंह जाटव, परिक्षेत्राधिकारी कोलारस के नेतृत्व में वन अमले द्वारा बीट सनवारा क्षेत्र में घेराबंदी की गई। इस दौरान मौके से दो आरोपियों को जंगली सुअर के मांस एवं दो कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम रामेश्वर आदिवासी पुत्र रामसिंह आदिवासी एवं अंग्रेज आदिवासी पुत्र अशोक आदिवासी, दोनों निवासी ग्राम गुढ़ा बताया। वहीं घटना में शामिल अन्य दो आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है।

वन अमले द्वारा जप्ती की कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। जप्त किए गए मांस का सैंपल वन्यप्राणी अनुसंधान प्रयोगशाला, जबलपुर भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जंगली सुअर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 (यथा संशोधित अधिनियम 2023) की अनुसूची-2 में संरक्षित प्राणी है। आरोपियों द्वारा अधिनियम की धारा 2, 9, 39(डी), 50 एवं 51 का उल्लंघन किया गया है। आज गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस संपूर्ण कार्यवाही में गिरीश नामदेव, कार्यवाहक वनपाल, नकुल शर्मा, वनरक्षक, रामचरण केवट, दिनेश सहरिया एवं मनोज आदिवासी, वनरक्षक का विशेष योगदान रहा। परिक्षेत्राधिकारी गोपाल सिंह जाटव ने बताया कि आरोपियों के नेटवर्क की जांच के लिए क्षेत्र में सघन सर्चिंग की जाएगी। साथ ही वन अपराधों की रोकथाम हेतु सतत गश्त एवं मुखबिर तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 21 दिसंबर।** बिलौआ थाना क्षेत्र का जौरासी इलाके एक्सीडेंटल जोन बन चुका है, जहां आए दिन हादसे हो रहे हैं। विगत रात भी जहां एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक द्वारा रास्ते से गुजर रही स्कूटी में टक्कर मार दी गई, जिससे उस पर सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा शव का पीएम करवाने के उपरांत आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है।

बिलौआ थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बैरागढ़ टीसीपी निवासी नेश कुशवाह पुत्र नवल सिंह कुशवाह (42) विगत होकर जौरासी मंदिर के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान वहां तेज रफ्तार में आए ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक स्कूटी सहित फिसलते हुए सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देख जुटे लोगों से सूचना पाकर पुलिस जब तक मौके पर पहुंची, तब तक उसने तड़पते हुए दम तोड़ दिया। जिस पर पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए हॉस्पिटल पहुंचाकर आरोपी ट्रैक्टर चालक - के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## टेकनपुर में बीएसएफ अकादमी की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**ग्वालियर, 21 दिसंबर।** बीएसएफ अकादमी टेकनपुर में प्रशिक्षणरत सहायक सेनानियों को पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से ग्वालियर पुलिस द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। गत दिवस प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर बीएसएफ अकादमी टेकनपुर के सीधी भर्ती के 71 प्रशिक्षु सहायक सेनानियों द्वारा ग्वालियर जिले के विभिन्न थानों का भ्रमण कर थानों की कार्यप्रणाली, शिकायत पंजीयन, विवेचना एवं कानून व्यवस्था संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस पर पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में प्रशिक्षु सहायक सेनानियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह (भापुसे) द्वारा प्रशिक्षुओं को पुलिस कार्यप्रणाली, अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाये रखने की चुनौतियों एवं पुलिस और आमजन के मध्य समन्वय की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने प्रशिक्षुओं का परिचय प्राप्त कर उनसे बातचीत की तथा थाना भ्रमण के दौरान प्राप्त अनुभव भी साझा किए।

# मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ कांग्रेस धरने पर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 21 दिसंबर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का केंद्र की भाजपा सरकार विकसित भारत ग्रामीण रोजगार गारंटी विधेयक (वीबी-जी राम जी बिल) 2025 नाम देकर बदलने की साजिश रच रही है। यह नाम बदलना महज दिखावा है असल में यह योजना को कमजोर करने का षड्यंत्र है। जिसे कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी, जिसके विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा फूलबाग स्थित गांधी उद्यान में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे धरना देकर पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सब यहां




बापू की प्रतिमा के नीचे धरना दे रहे हैं, बापू, जो सत्याग्रह के पुजारी थे, गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने कहा था सच्ची स्वतंत्रता तब मिलेगी जब आखिरी इंसान को रोटी, कपड़ा और मकान मिले। लेकिन आज 2025 में भी हमारे गांवों के मजदूर भाई-बहन भूखे पेट सो रहे हैं।

धरने पर प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, विधायक साहब सिंह गुर्जर, प्रदेश सचिव राहुल शर्मा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल जोहरे, महाराज सिंह पटेल, वीर सिंह तोमर, पार्षद किरण धर्मेन्द्र वर्मा, हरिओम शर्मा, आकाश तोमर, इब्राहिम पठान, ऊदल सिंह यादव, जे एच जाफरी, सरमन सिंह राय, चतुर्भुज धनोलिया, हेवरन सिंह कंसाना, मेहबूब खा चेन वाले, सीमा समाधियां, वीना भारद्वाज, राम नरेश परमार, रमेश राजपूत, राजीव शर्मा, कुलदीप सिंह कौरव, सतीश मिश्रा, शंकर गाबरा, महेश मधुरिया, जसवंत शेजवार, विजय सिंह यादव, तरूण यादव, सोनू भदोरिया, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव, श्याम सुन्दर श्रीवास्तव, अनूप शिवहरे, अंसार खान, रेखा जाटव, गीता गुप्ता, गीता शर्मा, मनीषा रावत, गुड्डी, निधी शर्मा, दिनेश पांडे पट्टू, पिंकी पंडित, आदित्य सेंगर, संजय फड़तरे, राजेश बाबू, प्रेम सिंह कौरव आदि बैठे।

# जैविक हाट में लोगों ने खरीदे सब्जी, फल एवं खाद्यान्न

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 21 दिसम्बर।** जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा साप्ताहिक जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार का आयोजन जिले की पुरानी अनाज मण्डी में किया गया, जिसमें जिले के विकासखण्डों से किसानों द्वारा अपनी जैविक एवं प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित उत्पादों सामग्री जैसे सब्जियां, फल एवं खाद्यान्न आदि सामग्री की दुकाने आमजन के लिए लगाई गई।




साथ ही सृजन एनजीओ एवं एसआरएम विभाग के द्वारा भी जैविक किसानों की सहभागिता हाट बाजार में की, नगर के लोगों एवं विभिन्न विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों के द्वारा के द्वारा भी इन जैविक एवं प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित उत्पादों को सुभल तरीके से क्रय करने के लिए उत्साह दिखा। हाट बाजार में इस रविवार को लगभग 32 किसानों के द्वारा अपनी जैविक उपज को विक्रय हेतु दुकाने लगाई।

उप संचालक कृषि सह परियोजना संचालक आत्मा पान सिंह करोरिया द्वारा हाट बाजार में सहभागिता करने वाले किसानों को जैविक उत्पाद के विक्रय के लिए उपलब्ध कराये गए जैविक हाट बाजार के बारे में विस्तृत अवगत कराया एवं किसानों से सब्जियों क्रय साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मुकेश कुमार भार्गव द्वारा भी किसानों से जैविक खाद्यान्न सामग्री क्रय की और आने वाले किसानों का इस बाजार के फायदे बताये शहर के आमजन में भी इस बाजार के प्रति उत्साह दिखा।